Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

अभ्यास पत्र -2

विषय – हिंदी

कक्षा –सात **मई 2025**

प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। यह हमें वायु, जल, भोजन और रहने की जगह प्रदान करती है। सूरज की किरणें हमें ऊर्जा देती हैं, पेड़ हमें छाया और ऑक्सीजन देते हैं, नदियाँ हमें मीठा जल देती हैं, और मिट्टी में अनाज उगता है जो हमारा भोजन बनता है। यदि प्रकृति न हो, तो जीवन असंभव हो जाएगा। आज के समय में मनुष्य तेजी से पेड़ों की कटाई कर रहा है, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो गया है। वनों की कमी से जानवरों का जीवन संकट में पड़ गया है और जलवायु परिवर्तन भी तेजी से हो रहा है। हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, जल को बर्बाद नहीं करना चाहिए और प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। जब हम प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते हैं, तो हमारा जीवन भी सुखद और स्वस्थ बनता है। आओ, हम सभी मिलकर प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और सुरक्षित पर्यावरण छोड़ें।

i) प्रकृति हमें क्या-क्या देती है?
क) मोबाइल और टीवी
ख)वायु, जल, भोजन
ग)कपड़े और गहने
घ) पैसा और नौकरी

ii)पेड़ों की कटाई से कौन-सी समस्या हो रही है?
क) खेलों की कमी
ख) बारिश अधिक होने लगी |
ग) जलवायु परिवर्तन हो रहा है |
घ) स्कूल बंद हो रहे हैं |

iii) हमें प्लास्टिक का उपयोग क्यों कम करना चाहिए?
क)यह महंगा है|
ख)यह भारी होता है|
ग)यह पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है|
घ)यह सुंदर नहीं लगता |

iv) गद्यांश के आधार पर प्रकृति हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है?

v) हम अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए कौन-कौन से कार्य कर सकते हैं?

प्रश्न 2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए –

क) तुम मुझे बाज़ार से दो किलो सेब लाकर दो |
ख) पिता जी कल कलकत्ता चले जाएँगे |
ग) चाबियों का गुच्छा खो गया था |
घ) किसी की बुराई करना बुरी बात है |
ङ) मेरा घर स्कूल के नजदीक ही है |

प्रश्न 3) निम्नलिखित शब्दों की भाव वाचक संज्ञा बनाइए -

क) मेहनती
ख) गरीब
ग) अपना
घ) रोना
ङ) शुद्ध
च) कमाना
छ) युवक
ज) सजना
झ) आलसी

प्रश्न 4) अनुच्छेद लेखन –

निम्नलिखित विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

‘अभ्यास का महत्त्व’